हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024


11 शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने पौधे लगाकर...


12 लाल डोरे के भू मालिकों को सौंपे स्वामित्व पत्र और...




वर्धमान ज्वैलर्स
सोने व चांदी के आधुनिक आभूषणों का विश्वसनीय प्रतिष्ठान
ब्रांच : नज़दीक के एम स्कूल, हांसी गेट 9215657444 शोरूम : घंटाघर बाजार 9215656444


सचिन जैन
संचालक


## खबर संक्षेप

### भिवानी में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आज

**भिवानी।** राजपूत धर्मशाला में 12 जुलाई को जिला कराटे डो संघ के तत्वाधान में तेईसवीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है । संघ के महासचिव डॉक्टर प्रवीण गहलोत ने बताया कि प्रतियोगिता में भिवानी शहर और अनेक गांवों के लगभग 250 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को रहने व खाने की सुविधा संघ द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यतिथि डीएसओ धुरेन्द्र सिंह उद्घाटन करेंगे।

### प्रयास संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**लोहारू।** बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान हासिल करने वाले राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिवर्ष प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित करवाया जाने वाला सम्मान समारोह इस बार 14 जुलाई को अनाजमंडी में होगा, जिसमें वित्तमंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे और लोहारू ब्लॉक के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे।

### रविदासिया समाज की बैठक 14 को

**भिवानी।** रविदासिया समाज की प्रदेश स्तरीय अति महत्वपूर्ण मीटिंग 14 जुलाई रविवार सुबह 10 बजे डॉ. आंबेडकर भवन बैंक कॉलोनी में होनी सुनिश्चित हुई है, जिसमें रविदासिया समाज के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व समाज के जागरूक कार्यकर्ता भाग लेंगे। संत रविदास महासभा के जिला प्रधान रमेश चोपड़ा चरखी दादरी ने बताया कि मीटिंग में प्रदेशभर के रविदासिया समाज की विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है, जिसमें आगामी रणनीति तैयार करके भविष्य के कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

### शनि मंदिर से गेहूं, पंखा और अन्य सामान चोरी

**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू में शनि मंदिर के पुजारी के कमरे से चोरी होने का मामला सामने आया है। बवानी खेड़ा निवासी भीम सिंह ने बताया कि वह लोहारी जाटू में पंडित रूलीराम की दुकान के पीछे स्थित शनि मंदिर में पुजारी है। मंगलवार को वह मंदिर में व मंदिर में बने कमरे को अच्छी प्रकार से ताला लगाकर आया था। सुबह 5 बजे जाकर देखा तो पुजारी के कमरे का ताला टूटा हुआ था और उसमे से 4 कट्टे गेह, 1 पंखा, 4 स्टिल की बाल्टी, 1 एल्यूमिनियम की प्रांत सहित अन्य सामान चोरी हो गया।

### सोनी धर्मशाला में सैन समाज की बैठक कल

**चरखी दादरी।** सैन धर्मशाला कमेटी के प्रधान छत्रपाल सिंह रोहीलवाल, पदाधिकारियों व कमेटी दादरी प्रधान जोगिन्द्र सिंह रजलीवाल के साथ विचार विमर्श करके 13 जुलाई शनिवार को सुबह 10 बजे सोनी धर्मशाला में बैठक रखी हैं। दादरी में निमार्णाधीन सैन धर्मशाला कमेटी के प्रधान छत्रपाल सिंह रोहीलवाल ने बताया कि जिला दादरी की शहर दादरी में सैन समाज की कोई धर्मशाला नहीं है, इसलिए दादरी शहर में सैन समाज की धर्मशाला का निर्माण करवाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने जिले के सैन समाज के लोगों से बैठक में पहुंचकर विचार प्रस्तुत करने की अपील की है।

# पीपीपी की त्रुटियों को हल करने में जुटे शिक्षक, आय संबंधी शिकायतें ज्यादा

## प्राइमरी स्कूलों के अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी पीपीपी दुरुस्त करने में लगाई, पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जनता के गले की फांस बनी परिवार पहचान पत्र(पीपीपी) का समाधान होने लगा है। शहरी व ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को शिविरों का आयोजन करके पीपीपी में आई त्रुटियों को दूर किया गया। शिविर में टीचरों की समस्याओं का निराकरण किया। सबसे ज्यादा आय से संबंधित मसले शिविरों में छाए रहे। कुछ लोगों ने अलग परिवार पहचान पत्र बनवाए जाने की प्रक्रिया शुरू करवाई। शहरों में नगरपरिषद तो ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूलों में शिविरों का आयोजन करके लोगों की पीपीपी में आई त्रुटियों को दूर किया। पूरे दिन शिविरों में पीपीपी में आई समस्याओं का निराकरण किया गया।

भिवानी नगरपरिषद कार्यालय में सुबह नौ बजे कर्मचारी व विभिन्न सरकारी स्कूलों के टीचर पहुंच गए। लोगों की परिवार पहचान पत्र में आई त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए चार काऊंटर स्थापित किए गए। इन पर जो भी लोग पहुंचे उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। ज्यादातर लोगों की आय कम ज्यादा को लेकर समस्याएं आई। इनके अलावा मोबाइल नम्बर दुरुस्त करवाने तथा अलग परिवार पहचान पत्र बनवाए जाने की भी शिकायतें पहुंची। जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। देर शाम तक नगरपरिषद कार्यालय में पीपीपी की त्रुटियों को दूर करने का कार्य जारी रहा। यही स्थिति ग्रामीण इलाकों में रही। वहां पर भी स्कूलों में आयोजित शिविरों में लोगों की परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। वहां पर अनेक लोग पहुंचे और शिविर में अपनी समस्याएं रखी।



**भिवानी।** आयोजित शिविर का निरीक्षण करते विधायक घनश्याम सर्राफ और पीपीपी दुरुस्त करवाने के लिए लाइनों में खड़े लोग। फोटो : हरिभूमि

### एक शिक्षक ने तीन से चार कक्षाएं एक साथ पढ़ाई

प्राइमरी स्कूलों के अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी पीपीपी दुरुस्त करने में लगाई गई। जिसके चलते आधे से भी कम ही शिक्षक स्कूलों में पहुंचे। ऐसे में एक एक शिक्षक ने तीन से चार कक्षा के बच्चों को पढाया। यह स्थिति किसी एक स्कूल की नहीं बल्कि अनेक स्कूलों की बनी रही। जहां पर कई कई क्लासों के बच्चे एक जगह बैठे नजर आए। साथ ही शिक्षकों की डयूटी लगने के बाद आज दिनभर बच्चों के नए दाखिलों का कार्य प्रभावित रहा। जो शिक्षक स्कूल में तैनात थे। उन्हीं ने ही बच्चों के दाखिले किए और पढाई भी करवाई।

### विधायक ने किया निरीक्षण

ंगुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ने नगरपरिषद में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। काऊंटरों पर जाकर पीपीपी का कार्य करवाने आए लोगों से भी बातचीत की। साथ ही वहां पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी उनके पीपीपी से संबंधित कार्य प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उनके साथ नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि नगरपरिषद में पीपीपी दुरुस्त करने का शिविर चार दिनों तक जारी रहेगा। जो व्यक्ति पीपीपी दुरुस्त करवाने के लिए आएगा। उसका परिवार पहचान पत्र को दुरुस्त करवाया जाएगा।


**भिवानी।** लोहारू बहुतकनीकी कॉलेज में छात्रा प्रियंका को स्कॉलरशिप देते प्राचार्य व स्टाफ।

### बहुतकनीकी संस्थान की छात्रा प्रियंका को मिली 50 हजार रुपये स्कॉलरशिप

**लोहारू।** रानी झांसी राजकीय बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान की कम्प्यूटर शाखा की प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका पुत्री रामफल को एआईसीटीई की प्रगति स्कॉलरशिप योजना के तहत 50 हजार रुपये की स्कॉलरशिप मिली है। संस्थान की प्राचार्या अंशु भल्ला ने प्रियंका को बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। संस्थान के स्कॉलरशिप इंचार्ज ललित जांगड़ा व स्कॉलरशिप सहायक सुनील कुमार ने बताया कि डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा कई स्कॉलरशिप की योजनाएं चलाई हुई हैं, ताकि होनहार विद्यार्थियों को प्रेरणा मिल सके। स्कॉलरशिप हासिल करने वाली प्रियंका ने बताया कि उसे प्रथम वर्ष में ही स्कॉलरशिप का लाभ मिला है, जिससे वह बहुत खुश है।

### रिटायर्ड कर्मियों की मांगों को लेकर आज उपायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

**भिवानी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला भिवानी की कार्यकारिणी की मीटिंग 11 जुलाई को जिला प्रधान सुंदर सिंह कोच की अध्यक्षता में हुई तथा संचालन जिला सचिव नरेश शर्मा ने किया। प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर 12 जुलाई को रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगो को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा तथा 10 से 12 बजे तक धरना दिया जाएगा। रिटायर्ड कर्मचारियों की मुख्य मांगें 65 साल होने पर 10 प्रतिशत, 70 साल पर 15 प्रतिशत और 75 साल पर 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि की जाए, कम्यूटेशन राशि की कटौती 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष की जाए, पारिवारिक पैंशनर को एलटीसी की सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को एसीबस, रेल और हवाई जहाज में रियायती दर से यात्रा की सुविद्या लागू की जाए, मेडिकल भता 3000 रुपये तथा बिना शर्त पैंशनर्स को कैसलेस मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करके इलाज करना सुनिश्चित किया जाए।

# धनाना के शहीद खजानसिंह के नाम से स्कूल नामकरण व प्रतिमा अनावरण


**भिवानी।** गांव धनाना के शहीद खजानसिंह के नाम से स्कूल नामकरण व प्रतिमा अनावरण करती उनकी पत्नी जगवंती देवी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर है, जिन्होंने देशवासियों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, ऐसे में यह देशवासियों का कर्तव्य है कि शहीदों को पूरा मान सम्मान दें। वहीं शहीदों के नाम से स्कूलों का नामकरण व उनकी प्रतिमाओं का अनावरण सराहनीय कदम है, इससे युवा पीढ़ी को शहीदों के त्याग एवं बलिदान से रूबरू होने का मौका मिलता है तथा उनमें राष्ट्रसेवा का भाव पैदा होता है।

ये बात किसान नेता जोगेंद्र तालु ने वर्ष 1965 के युद्ध में शहीद हुए खजान सिंह के नाम से प्राइमरी स्कूल का नामकरण होने व स्कूल में ही शहीद की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान कही। शहीद खजान सिंह की धर्मपत्नी जगवंती देवी ने प्रतिमा का अनावरण किया।

इससे पहले गांव के प्राईमरी स्कूल में हवन हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डाली। किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि शहीद खजान सिंह एक बहादुर एवं जाबांज सैनिक थे, जिन्होंने अपनी बहादुरी का परिचय 1965 के युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेते हुए दिया तथा देश की रक्षा के लिए शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि यहां के वीर जवानों ने हमेशा से दुश्मनों के दांत खट्टे कर उनसे जमकर मुकाबला किया। इस मौके पर सरपंच कपिल, सरपंच राजेश, राजसिंह घणघस, बलबीर मास्टर, राजा, बेद, कपूर आदि मौजूद रहे।

### ईशरवाल निवासी सुरेंद्र की हत्या मामले में दो युवक गिरफ्तार

**भिवानी।** ईशरवाल में गत शुक्रवार शनिवार रात्रि के समय क़रीबन 36 वर्षीय सुरेंद्र की हत्या किए जाने के मामले 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। वीरवार को दोनों को न्यायालय में पेशकर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया। उल्लेखनीय है कि शुक्त्रवार शनिवार की रात्रि में ईशरवाल निवासी सुरेंद्र की कान के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या व अवैध हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। मृतक की पत्नी रेखा ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया था कि बीती रात्रि उसका पति मृतक सुरेंद्र व घर का एक पडौसी बैठक में बैठकर शराब पी रहे थे। रात्रि क़रीबन साढ़े ग्यारह बजे रेखा ने उसे खाना खाने के लिए कहा जिसके बाद सुरेंद्र का फोन आ गया। मृतक सुरेंद्र फोन पर बाते करने लगा। रेखा ने बताया कि जिसके बाद उसको नींद आ गई। क़रीबन 12 बजे रेखा को गोली चलने की आवाज सुनी थी। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद वह बाहर आई तो उसने देखा कि उसका पति खून से लथपथ पड़ा था। इसके आबाद गाड़ी किराए कर सुरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

#### रिमांड पर लिया

इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नितेश कारी व सुरजीत ईशरवाल को काबू किया है। वीरवार को दोनों को न्यायालय में पेशकर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया।




### पेमेंट की मांग को लेकर ठेकेदारों ने दिया धरना, कई साल की पेमेंट अटकी

**चरखी दादरी।** जनस्वास्थ्य विभाग में ठेकेदारों की बकाया पेमेंट व अन्य समस्याओं को लेकर अभियंता के कार्यालय समक्ष यूनियन जिला प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रीतम बलाली की अगुवाई में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आज अपने दसवें दिन में प्रवेश किया। धरने की अध्यक्षता ठेकेदार जोगेंद्र मकड़ाना ने की। विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए ठेकेदारों द्वारा मेंटिनेंस एस्टीमेट व पेमेंट को सहित अन्य सभी मामलों में हो रही देरी व लापरवाही को लेकर उन्होंने विरोध जताया। यूनियन जिला प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रीतम बलाली व अन्य ठेकेदारों ने बताया कि कर्मचारियों व अधिकारियों का कुछ दिनों के लिए वेतन लेट दिया जाता है तो वो सभी इसे खुद के साथ अन्याय बताने में कोई कसर नहीं छोड़ते और वहीं रवैया जब ठेकेदारों के साथ अपनाया जा रहा है तो उसे कोई अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहा है। ठेकेदारों की पिछले छह सात सालों की पेमेंट अटकी पड़ी है, लेकिन उनकी सुनने व परेशानियों को समझने वाला विभाग भी मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। धरने में नसीब, सुखबीर घसौला, संदीप माई खुर्द, बलजीत समसपुर, अजय भागवी, प्रीतम झामरी, उमेद मोरवाला, कृष्ण कलियाणा, जगबीर पैंतावास कलां, विजय आदमपुर, राजेश पैंतावास, दिनेश बलकरा, सुरेंद्र दूधवा, सुनील गौरिया, चरणसिंह बिरहीकलां, संदीप हंसावास कला, अमरजीत पातुवास आदि मौजूद रहे।

### डंपर-बाइक की भिड़ंत में दो छात्र घायल

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के आधीन आने वाले गांव जमालपुर में डंफर व बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक सवार दोनों छात्रों को चोटिल होने पर उन्हें हांसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि हिसार जिले के हांसी के आधीन आने वाले गांव हाजमपुर निवासी बलविन्द्र व अंकित जमालपुर के निजी विद्यालय में 12वीं कक्षा में पढ़ते हैं।

दोनों बाइक पर सवार होकर गांव से विद्यालय आ रहे थे और डंफर अपनी अपनी साइड से हांसी से तोशाम की तरफ जा रहा था। विद्यार्थियों ने जमालपुर के पैट्रोल पंप से तेल डलवाकर जैसे ही रोड़ पर मोटरसाइकिल को चढ़ाया सामने से आ रहे डंफर में टक्कर हो गई। बताया जाता है कि डंफर चालक की सावधानी से बचाव हो गया। हालांकि दोनों बच्चों को मामूली चोटें आई। वहीं निजी विद्यालय के प्राचार्य धर्मबीर सिंह स्वयं दोनों छात्रों को हांसी के निजी अस्पताल में ले गए जहां उनके पांव फ्रैक्चर बताया।

## मुख्यमंत्री के नाम बीईओ को सौंपा ज्ञापन

# बीईओ कार्यालय पर नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

लंबित मांगों को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ 470 के सदस्यों में सरकार के प्रति रोष बना हुआ है। वीरवार को संघ के सदस्य जिला प्रधान शमशेर सिंह रूदड़ौल की अगुवाई में बाढ़ड़ा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे।

जहां उन्होने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए नारेबाजी कर रोष जताया। वहीं उन्होंने सीएम के नाम बाढ़ड़ा खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांगों को शीघ्र पूरा करवाने की मांग की। बता दे कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बाढ़डा में अध्यापकों ने नारेबाजी करते हुए सामान्य तबादलों और अंतः जिला स्थानांतरण प्रक्त्रिया शीघ्र आरंभ कर प्राथमिक अध्यापकों के तबादले करने की मांग की। अध्यापकों ने कहा कि हाल ही में विभाग द्वारा जारी सरप्लस अध्यापकों को प्रतिनियुक्ति पर समायोजित करने की आड़ में विभाग द्वारा पूरे राज्य में 337 विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ इसका घोर विरोध करता है। सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि पीआरटी से टीजीटी पर शीघ्र पदोन्नति की जाए और उसके बाद तबादला प्रक्रिया शुरू की जाए। वर्ष 2016 से पहले प्राथमिक अध्यापकों के लिए म्यूच्यूअल बदली का प्रावधान थाए जिसमें दो अलग.अलग जिलोंए विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को विभाग द्वारा आपसी उनकी सहमति का शपथ पत्र लेकर उनका आपस में म्यूचुअल स्थानांतरण कर दिया जाता है। इसके अलावा ज्ञापन में छात्र दाखिला प्रक्त्रिया को सरल बनाए जाने, पुरानी पेंशन बहालीए चिकित्सा अवकाश प्रदान करने की मांग रखी गई। इस अवसर पर अध्यापक सोमबीर जगरामबास, सोमबीर जांगड़ा, अजय, ओमप्रकाश, कुलदीप, तरुण, संजय, रामबीर, जसबीर, मनोहरलाल, हरपाल आर्य, संदीप, विनोद व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।


**बाढ़ड़ा।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते अध्यापक व सीएम के नाम बाढ़ड़ा बीईओ जलकरण को ज्ञापन सौंपते हुए



### मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे शारीरिक शिक्षक सहायक, विधायक व मंत्री को सौंपा मांगपत्र

**भिवानी।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शारीरिक शिक्षक सहायकों ने हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले शहर में प्रदर्शन करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ , विधायक किरण चौधरी व वित्त मंत्री जेपी दलाल के निवास पर जाकर उनके माध्यम से प्रदेश सरकार को मांगपत्र सौंपा तथा उनकी मांगें पूरी किए जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला प्रधान दिलबाग जांगड़ा पीटीआई ने कहा कि शारीरिक शिक्षक सहायकों ने सरकारी विभागों में 7 साल में कार्यरत्त कर्मचारियों को पक्का करने की बनाई गई पॉलिसी के तहत शारीरिक शिक्षक सहायकों को भी पक्का किए जाने, गृह जिला से बाहर तैनात किए गए शारीरिक शिक्षक सहायको को या तो गृह जिला में नियुक्त किया जाए या फिर उन्हे अलग से भत्ता दिए जाने, समय पर वेतन ना मिलने की समस्या का तुरंत समाधान किए जाने आदिन मांग को लेकर मांगपत्र सौंपा है।

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं।*

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद




**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



**बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले

**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

-प्रियांश, रोहतक

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

-काव्या, रायपुर

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

-साकेत, दुर्ग

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाडू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज




## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी



आतिया, बहादुरगढ़

## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर : D

## खबर संक्षेप

### भारत विकास परिषद ने पार्क में किया पौधरोपण

**लोहारू।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरूवार को स्वर्ण जयंती पार्क में पौधरोपण अभियान चलाया और अनेक पौधें रोपित कर लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। परिषद की स्थानीय शिवाजी शाखा के प्रधान नरेश ठुकराल, सचिव मुकेश शर्मा और कोषाध्यक्ष जितेंद्र जांगड़ा के नेतृत्व में संगठन के अनेक सदस्यों ने करीब दर्जन भर पौधें रोपित किए।

### एसईडी वमावि में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया

**भिवानी।** ढाणी शंकर में स्थित एसईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस समारोह का आयोजन किया गयां इस समारोह में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के छात्र.छात्राओं ने बढ़चढ कर भाग लिया। कक्षा आठवीं से विशाखा एवं मुस्कान ने जनसंख्या वृद्धि से संबंधित भाषण दिए। समर, आशी, आदित्य, जयंत, सचिन, नीरज, हर्षित, लवित आदि छात्र.छात्राओं ने पोस्टर बनाए एवं आर्यन तथा भाविका ने जनसंख्या वृद्धि से संबंधित कविता और विचार सुनाए।

### द्वारका में शहीद स्मारक पर किया पौधरोपण

**चरखी दादरी।** गांव द्वारका में शहीद गुलाब सिंह स्मारक में पौधा रोपण कर नमन किया गया। पौधा रोपण करते हुए बबीता श्योराण ने कहा कि एक एक पेड़ उन शहीदों के नाम जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान मातृभूमि की रक्षा करते हुए न्यौछावर कर दिए।पिछले कुछ दिनों से पेड़ लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत आज गांव द्वारका में बबीता श्योराण की टीम ने पेड़ लगाए। पोधा रोपण करते हुए बबीता श्योराण ने कहा कि पेड़ पौधों से ही हर मनुष्य व प्राणी इस संसार में जीवित रह सकता है।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर लगाए पौधे

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या संतोष भाकर द्वारा कार्यकारी बीईओ आनंद शर्मा संग मिलकर पौधारोपण का अभियान चलाया।

### भाजपा ने किया प्रदेश का बेड़ा गर्कः फौजी

**भिवानी।** पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि भाजपा ने अनेक जनविरोधी नीतियां लागू करके जनता के साथ धोखा किया है। प्रदेश का चहुंमुखी विकास का दावा करने वाली सतारूढ सरकार ने प्रदेश व देश का बेड़ा गरक कर दिया। हालांकि जनविरोधी नीतियों के विरोध में जनता ने उक्त सरकार को लोकसभा चुनावों में आइना दिखा दिया,लेकिन जनता आने वाले चुनावों में उक्त पार्टी की सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगी और कांग्रेस राज लाएगी।

### पंचायत के लिए नेताओं का डोर टू डोर प्रचार

**तोशाम।** देवराला में होने वाली सर्वजातीय महापंचायत के निमंत्रण देने के लिए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान के निर्देशानुसार गांव केहरपुरा में डोर टू डोर करते हुए कांग्रेस नेता एवं युवा कल्याण संगठन के प्रवक्ता अनिल शेषमा और मुकेश शर्मा ढाणी माहू ने संयुक्त रूप ने कहा कि 14 जुलाई को देवराला के कम्युनिटी सेंटर में सुबह 10 बजे होने वाली सर्वजातीय महापंचायत ऐतिहासिक रूप से बड़ी होगी। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से नाखुश है, तोशाम हल्के में भाजपा को हराने के लिए जनता की नजरें कांग्रेस पार्टी पर टिकी हैं।

### बड़ोली को अध्यक्ष नियुक्त करने पर बांटे लड्डू

**बवानीखेड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मोहन लाल बड़ोली को कमान सौंपे जाने को लेकर बवानी खेड़ा भाजपा नेताओंए कार्यकर्ताओं में खुशी का ठिकाना न रहा। जिसको लेकर भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश ओड के नेतृत्व में हरिसिंहए जगदंबा महताए धर्मेन्द्र बल्हारा आदि ने ओड धर्मशाला में एकत्रित होकर लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। सुरेश ओड ने बताया कि मोहन लाल बड़ोली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# ढाणा लाडनपुर जलघर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने लगाई त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ढाणा लाडनपुर जलघर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ के तहत त्रिवेणी का पौधारोपण किया गया, जिसमें पीपल, बरगद और नीम के पौधे शामिल थे।

इस अवसर पर एसोसिएट प्रो. अश्विनी सभ्रवाल, पर्यावरण रक्षक ज्योतिष आचार्य सुरेश धानिया, राजकीय स्कूल सुंगरपुर प्राचार्य रणबीर काजल, समाजसेवी राजकुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिवेणी लगाने से वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है और प्रदूषण कम होता है। विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाने से विभिन्न प्रकार के जीव.जंतु और पक्षियों को निवास स्थान मिलता है। त्रिवेणी लगाने से मिट्टी का क्षरण कम होता है और उसकी उर्वरता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि पेड़ जल संरक्षण में मदद करते हैं, क्योंकि वे जल को अवशोषित करते हैं और भूमिगत जल स्तर को बढ़ाते हैं। पेड़ लगाने से जलवायु में सुधार होता है जैसे तापमान कम होना और हवा की गुणवत्ता में सुधार। हरे.भरे पेड़ आसपास की सुंदरता को बढ़ाते हैं और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इन फायदों के कारण त्रिवेणी लगाना पर्यावरण और समाज दोनों के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने बताया कि इस त्रिवेणी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन को बनाए रखना है।



भिवानी। जलघर में पौधे रोपित करते हुए।

- इस पहल को अन्य गांवों में भी फैलाएं ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर हरियाली फैल सके: सुरेश सैनी

### अधिक से अधिक स्थानों पर हरियाली फैलाने बारे कर रहे जागरूक

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने कहा कि पर्यावरण रक्षक, जेई बिजेश जावला के सहयोग से नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था का लक्ष्य है कि वे इस पहल को अन्य गांवों में भी फैलाएं ताकि अधिक से अधिक स्थानों पर हरियाली फैल सके। वे ग्रामीणों को भी इस तकनीक के बारे में जागरूक कर रहे हैं ताकि वे स्वयं अपने गांव में इस तरह की परियोजनाओं को शुरू कर सकें। यह पहल एक उदाहरण है कि किस प्रकार एक संस्थान और गांववासी मिलकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रति जागरूकता बढ़ा सकते हैं। हमें उम्मीद है कि भविष्य में भी गांव वासियों के सहयोग से वे ऐसे ही और भी प्रयास करेंगे। इस अवसर पर संजय कुमार, कृष्ण, सचिन, आदित्य, रिहान, हिमांश राहड, सुरेंद्र मास्टर, एडवोकेट अजय सभरवाल, मास्टर हरिओम, ओमकार सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के प्रयासों की सराहना की

पीपलए बरगद और नीम के पेड़ भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण माने जाते हैं और इनका धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व है। इस कार्यक्त्रम में स्थानीय समुदाय के लोगो ने भी बढ़. चढ़कर हिस्सा लिया और पौधारोपण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई गई। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के प्रयास की सराहना भी की। इस तरह के आयोजन समय.समय पर होते रहेंगे ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बनी रहे। सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। संस्था ने आशा व्यक्त की कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरा.भरा वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया

# शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने पौधे लगाकर देखभाल की जिम्मेदारी भी ली

- केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता शर्मा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने सैंकड़ों की संख्या पौधें लगाए और उनके पेड़ बनने तक देखभाल करने की जिम्मेदारी उठाई। प्राचार्या डॉ. अनीता शर्मा ने अपने संबोधन में जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण उपाय है, बल्कि ये हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। प्राचार्या डॉ. अनीता ने शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया, जिससे वातावरण में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि पौधरोपण मात्र से ही पर्यावरण संरक्षण नहीं हो सकता, बल्कि रोपित किए गए पौधों के पेड़ बनने तक खाद पानी व देखभाल की सभी को जिम्मेदारी लगाई। प्राचार्या ने बच्चों को अपने जन्मदिन, शुभकार्यों आदि पर फिजूलखर्ची करने की बजाय पौधरोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधें लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को इस दिशा में प्रेरित करना हैं। कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में और कदम उठाने का संकल्प लिया।





भिवानी। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते विद्यार्थी तथा चरखी दादरी में पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### आईटीआई संतोर में 110 पौधे किए रोपित

**चरखी दादरी।** गांव सांतौर स्थित आईटीआई परिसर में प्राचार्य कमल खजूरी की अगुवाई में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने नीम, नींबू और जामुन के 110 पौधें लगाए तथा सभी ट्रेडों को समान रूप से जिम्मेदारी सौंपी। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाया। ऑफिस इंचार्ज, डिप्टी सुपरीटेंडेंट विकास मल्हान ने बच्चों को पेड़ लगाने का महत्व बताते हुए समझाया कि पौधें हमारे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं। सुमित ने बच्चों की अलग-अलग टीमें बनाकर विभिन्न कार्य सौंपे। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे अभियानों से हम सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिलता है और हमें अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर जगदीप, मनीष, सहायक अनूप, सतीश, राकेश,किरण बाला, मुकेश, जयबीर, धर्मेंद्र व रविंद्र आदि मौजूद रहे।

- प्राचार्य की अगुवाई में चलाया पौधरोपण अभियान



तोशाम। हर घर एक पौधा मुहिम के दौरान पौधों के साथ कल्ब के सदस्य।

### जीवजंतु व मानव जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरुरीः प्रदीप

**तोशाम।** पूर्व सरपंच बीरसिंह ने कहा कि जीव जंतु व मानव जीवन के लिए पर्यावरण का स्वच्छ होना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधें हमारे जीवन का अहम अंग हैं, इसलिए बरसात में हर व्यक्ति को पौधारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए। पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। पर्यावरण को बचाने में सभी को आगे आने की जरूरत है, इसके लिए पौधरोपण जरूरी है। बाबा भैरु युवा क्लब बुशान के प्रधान प्रदीप ने हर घर एक पौधा मुहिम के तहत गांव बुशान में फलदार, छायादार व फूलदार 1500 पौधे घर-घर जाकर भेंट किए। प्रधान ने बताया कि पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई, आधुनिक युग में औद्योगीकरण व वैश्वीकरण से पर्यावरण प्रदूषण होता जा रहा है। हर व्यक्ति को पर्यावरण की रक्षा के प्रति सजग होना होगा। हम सभी का दायित्व बनता है कि पौधें जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में पर्यावरण के महत्व को समझना होगा। इस मौके पर रामकिशन नम्बरदार, पवन स्वामी, प्रधान नरेश शर्मा, नरेंद्र, संदीप गौड़, संजय स्वामी, सुभाष शर्मा, दलबीर, महताब, उपेन्द्र, अनिल, रामकुमार लडवाल, संतोष सांगवान, शमसेर, सुरेन्द्र टेलर, अनुप, सोनू गोदारा, सतीश, जयसिंह आद मौजूद रहे।

- पेड़-पौधें हमारे जीवन का अहम अंग, हर व्यक्ति करें पौधरोपण : पूर्व सरपंच




भिवानी। बच्चों व महिलाओं को पौधें भेंट करते योग सहायक। फोटो: हरिभूमि

### बच्चों व महिलाओं को रोपित करने को भेंट किए पौधें

**भिवानी।** ग्रामीण विकास मंडल, विश्व युवक केन्द्र और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में संचालित पौधरोपण अभियान के अन्तर्गत व्यायामशाला मैहड़ा में पौधरोपण किया। मंडल की महिला प्रेरक सविता और योग सहायक बिशन सिंह आर्य की अगुवाई में व्यायामशाला प्रांगण में छायादार और फलदार पौधें रोपित किए। महिला प्रेरक सविता ने कहा कि बेटा कृतघ्न हो सकता है, लेकिन पेड़ नहीं। मां और पेड़ का स्वभाव एक जैसा है। बेटा चाहे कपूत हो, पर मां की ममता सदा उसके भलाई की दुआ ही करती है। आर्य ने ग्रामीण विकास मंडल की महिला टीम की सराहना करते हुए कहा कि गत तीन दिनों से सविता के नेतृत्व में महिलाएं, झोझू कलां ब्लॉक में पौधारोपण कार्य को पूरी लगन से अंजाम दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में चिड़िया व मिसरी में पौधरोपण की तैयारी चल रही है। व्यायामशाला में पौधरोपण के बाद 100 युवाओं और महिलाओं को लगाने के लिए पौधें भेंट किए।



भिवानी। पौधरोपण करते अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ विभाग के एकलव्य सदन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर की देख-रेख में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में रोहतक के आईएमएचयूएचएस मनोविज्ञान सामाजिक विभाग में कार्यरत प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह व सहयोगी डॉक्टर कुणाल पधारे। एनसीसी कैडेट्स द्वारा अतिथियों को विद्यालय के द्वारा एस्कॉर्ट करके माधव हॉल तक लाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण के साथ हुआ। छात्रा रिया सिंह ने कुशल मंच संचालन करते हुए बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने की शुरूआत 1989 में हुई थी। हर साल जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य विमलेश आर्य ने विद्यार्थियों को अपने विचारों को सकारात्मक रखकर दैनिक जीवन में होने वाले मानसिक तनाव से मुक्ति पाने की सलाह दी और खेल-कूद के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 12वीं एफ की छात्रा तेजस्वी ने अपने भाषण में कहा कि जनसंख्या नियंत्रण वर्तमान में देश के लिए बड़ी चुनौती है। विद्यालय प्रशासन, अतिथियों, स्वयंसेवकों व कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। विद्यालय प्रशासक शमशेर सिंह अहलावत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण वर्तमान में सबसे ज्वलंत समस्या है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, सूरजभान लांबा, मनोज शर्मा, गोविंद प्रताप मिश्रा, नरेश मेहता, सुभाष गिल, गरिमा शर्मा रितु शर्मा मोनिका मेहता आदि मौजूद रहे।

# सकसं की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

हरियाणा परिवहन विभाग तोशाम के बस स्टैंड प्रांगण में सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक तोशाम की बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता रोडवेज से दिलबाग लांबा ने की और संचालन राजेश दुलहेड़ी ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए जिला उपप्रधान धर्मबीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार निरन्तर कर्मचारी विरोधी हथकंडे अपना रही है।

सरकारी महकमों को निजीकरण की ओर धकेल रही है तथा ठेकाप्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाटी ने बताया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का नो वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के कर्मचारी की मांगों के प्रति न मानने व टालने वाला रूख रहा है। मांगों को सुनने और समाधान करने की बजाय सरकार ने दमन व फूट डालने का रास्ता अपनाया है। संघ मांग करता हैं कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, एनपीएस को समाप्त करके पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, पंजाब के समान वेतनमान दिया जाए, केंद्रीय आठवां और हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करने व पॉवर बिल 2023, नई शिक्षा नीति 2020, रोड सेफ्टी बिल और चारों लेबर कोड रद करने की मांग की।

उन्होंने बताया कि सभी मांगों के समर्थन में 16 जुलाई को जिले में विशाल प्रदर्शन कर डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



तोशाम। बैठक के दौरान मौजूद सकसं के पदाधिकारी व सदस्य।

### लाभपात्रों को 5.75 लाख की दी आर्थिक सहायता

**भिवानी।** कार्यवाहक उपायुक्त एवं एडीसी हर्षित कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए आमजन के साथ.साथ अंत्योदय परिवारों के लिए भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिला कल्याण कार्यालय के डाटानुसार अत्याचार निवारण स्कीम के तहत अप्रैल से 30 जून 2024 तक चार लाभपात्रों को पांच लाख 75 हजार रूपए की सहायता दी जा चुकी है। कार्यवाहक डीसी हर्षित कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछडें वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा जनकल्याण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से आमजन को आर्थिक सहायता दी जा रही है।

# कवि बेचैन बताएंगे हरियाणवी भाषा के विकास की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रदेश के विभिन्न संगठनों व संस्थाओं द्वारा लंबे समय से हरियाणवी बोली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने की उठाई जा रही मांग को उचित ठहराते हुए हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला ने गंभीरता जताई है।

शनिवार 13 जुलाई को पंचकूला में साहित्य अकादमी के हिन्दी हरियाणवी प्रकोष्ठ द्वारा हरियाणवी भाषा के विकास में संभावनाएं विषय पर कार्यशाला का करने जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश के हरियाणवी चिंतकों द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा, जिसमें भिवानी से हरियाणवी भाषा विकास मंच के अध्यक्ष एवं पंडित लख्मीचंद सम्मान से विभूषित हरियाणवी कवि एवं चिंतक डॉ.वीएम बेचैन को विषय प्रमुख के रूप में आमंत्रित किया है।



पंडित लख्मीचंद सम्मान से विभूषित हरियाणवी कवि एवं चिंतक डॉ वीएम बेचैन।

#### कार्यशाला कल

डॉ. बेचैन ने बताया अकादमी के हिन्दी हरियाणवी प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. धर्मदेव विधार्थी ने हरियाणवी भाषा में विकास की संभावनाएं तलाशने के लिए अकादमी भवन में 13 जुलाई को कार्यशाला होगी।

### बैंकों के चक्कर काटने से मिलेगा छुटकारा

# कलस्टर स्तर पर स्वेयर.अप प्रशिक्षण का आयोजन

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कवेयर.अप प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यकारी बीईओ आनंद कुमारए सीआरसी संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में आईओएलएम प्रियंका द्वारा विभाग के नए सॉफ्टवेयर स्वेयर.अप के माध्यम से ग्रांटों को खर्च करने के बारे गहनता से बताया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों को विद्यालय में विभिन्न प्रकार की ग्रांटों में जैसे विद्यालय की मरम्मतए टॉयलेट ठीक करवाना, पानी की व्यवस्था,फर्नीचर, स्वच्छता, निर्माण कार्य आदि वितरित किए जाते हैं जो पहले पीएफएमएस के माध्यम से ग्रांट को खर्च किया जाता था और बैंकों के चक्कर काटने पड़ते थे। एनएसक्यूएफ ग्रांटए दिव्यांग बच्चों का स्टाइपेंड आदि सभी लाभ भी इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से खर्च होंगे।



बवानीखेड़ा। प्रशिक्षण देते हुए आईओएलएम प्रियंका व साथ में मौजूद, कार्यकारी बीईओ आनंद कुमार, सीआरसी संतोष भाकर व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### अब नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

बवानी खेड़ा कलस्टर की आईओएलएम प्रियंका ने प्रशिक्षण में कलस्टर के सभी विद्यालय मुखियाओं व तकनीकी विशेषज्ञों को बताया कि अब स्कवेयर.अप के माध्यम से ऑपरेटर, एसएमसी, विद्यालय मुखिया की आईडी से ग्रांट को खर्च किया जाएगा और बैंको के चक्कर काटने से छुटकारा मिलेगा व समय की बर्बादी भी नहीं होगी। विद्यालय बैठे बिठाए ही कार्य को कर सकेंगे।

#### बीईओ व सीआरसी ने की तारीफ

कार्यकारी बीईओ आनंद शर्मा, सीआरसी संतोष भाकर ने विभाग की इस योजना की जमकर तारीफ की और बताया कि ग्रांट के खर्च का सारा कार्य ऑनलाइन होगा और बैंकों के चक्कर से भी छुटकारा मिलेगा। वहीं उन्होंने उपस्थिजनों को ग्रांट के सही प्रकार से खर्च करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात उन्होंने उपस्थिजनों को विद्यालय में छात्र संख्या में बढ़ोतरी के संकेत दिए और बताया कि कम छात्र संख्या होने पर शिक्षकों के पद रिक्त होगें जो भविष्य में खतरे की घंटी है।

# धर्मसेना ने पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

सामाजिक संगठन धर्मसेना ने वीरवार को प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य की अगुवाई में गांव बेरला स्थित शहीद हवा सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान संगठन के दूसरे पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

धर्म सेना द्वारा इस सीजन 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर प्रदेश स्तरीय अभियान चलाया हुआ है। उसी के तहत धर्मसेना पदाधिकारियों ने गांव बेरला में अभियान को आगे बढ़ाते हुए छायादार, फलदार व औषधिएं पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की पहल सबसे बड़ी जरूरत है। हमें पेड़ों से फलए ऑक्सीजन व बहुमुल्य लकड़ी मिलती है। कोरोना काल के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में भी ऑक्सीजन की कमी होना दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने बताया कि धर्मसेना पौधारोपण अभियान को प्रदेश स्तर पर चलाएगी और पौधारोपण के साथ.साथ लोगों पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर बलवान सिंह आर्य प्रदेश अध्यक्ष धर्म सेनाए कार्यक्त्रम संयोजक अनिल बेरला युवा जिलाध्यक्ष धर्म सेना, जिला अध्यक्ष प्रदीप बाढड़ा, प्रदेश मिडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### आशा वर्कर्स ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** लंबित मांगों व समस्याओं को लेकर आशा वर्कर्स ने जिला प्रधान प्रेमपति की अगुवाई में डीडीपीओ को सीएम के नाम मांगपत्र सौंपा। राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी ने बताया कि मुख्य मांगों में आशा वर्कर्स को पक्का कर्मचारी बनाने, पक्का कर्मचारी बनाने तक 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन सहित तमाम सामाजिक सुरक्षा लाभ देने व सभी ऑनलाइन काम का आशा वर्कर्स को इंसेंटिव देने की मांग उठाई।



### विकास परिषद ने लगाया दांतों का जांच शिविर

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा कस्बा के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद शाखा बवानी खेड़ा द्वारा 62वें स्थापना दिवस पर डेंटल जांच शिविर का आयोजन करवाया। विद्यालय में बच्चों के दातों की जांच की गई जिसमें भिवानी के त्रिवेणी डेंटल क्लीनिक से डॉ. शहरीन मलिक व उनकी टीम ने पहुंचकर लगभग 150 बच्चों व स्टाफ के दातों की जांच की। टीम ने बच्चों को दातों में बदबू पीलापन कीडा लगना आदि के बारे में बताया।



### केएम में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों ने बढ़ती जनसंख्या तथा उसके नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करना है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें चंद्रशेखर आजाद सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## जल संरक्षण कर पानी की बर्बादी को रोकना होगाः वत्स

# पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स ने पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में आठ टैंकर किए सरपंचों को भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवान

जिला परिषद के सीईओ अश्विर नैन ने कहा कि वीरवार को दोपहर बाद जिला परिषद भवन में पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स ने एमपी लैंड ग्रांट के आठ पंचायतों को लगभग सवा करोड़ रुपये की धनराशि पानी टैंकर भेंट किए हैं।

सीईओ जिला परिषद अश्विर नैन ने कहा कि जल संरक्षण कर पानी की बर्बादी को रोकना होगा। पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स ने पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में देवसर, निनान,खरक, ढाणा नरसान, हालवास माजरा सहित आठ टैंकर सरपंचो को भेंट किए हैं। पूर्व राज्य सभा सांसद डीपी वत्स ने कहा कि जल संरक्षण करना है और पानी की बरबादी को रोकना बेहद जरूरी है। इसके लिए मिलकर समाज के सभी लोगों की भागीदारी के साथ प्रयास करने होंगे। सरकार ग्रामीण विकास पर पूरा जोर है। सरकार का प्रयास है कि लोगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिलेए इसी के चलते ऑन लाईन सिस्टम लागू किया हैए जिसमें पोर्टल की व्यवस्था है। इससे योजनाओं के क्त्रियान्वयन में पारदर्शिता आई है। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाओं की तरह ही सरकार की योजना है कि हर घर नल और नल से जल प्रत्येक घर तक स्वच्छ व पर्याप्त पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि पानी को बनाया नहीं जा सकताए यह कुदरत की देन है, लेकिन पर्यावरण का संतुलन बिगडऩे से बारिश भी कम हो रही है। इसी प्रकार से पानी के प्राकृतिक स्रोत भी समाप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक बार फिर से पानी के प्राकृतिक संसाधनों के जीणार्ेद्धार की योजना बनाकर काम करना शुरु किया है, जिसमें अमृत योजना के तहत तालाबों का जीणार्ेद्धार किया जा रहा है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे तालाबों में गंदा पानी न जाने दें और गांवों को स्वच्छ एवं निर्मल रखें। उन्होंने कहा कि गांवों में साधनों का अभाव नहीं रहने दिया जाएगा। वे पूरी कौशिश करेंगे कि जरूरत के अनुरूप गांवों में टैंकर उपलब्ध करवाए जाएं। कार्यक्रम में श्री वत्स का फूलमालाओं और स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी ग्राम पंचायतों सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायती राज विभाग के सबडिविजनल अभियंता, ग्राम सचिव और ज़िला परिषद के अन्य अधिकारियों सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में टैंकर वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**आमजन को सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें**

उन्होंने कहा कि जल अनमोल है। सरकार का हसंभव प्रयास है कि आमजन को सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से बचे और तंदुरूत रहने के लिए व्यायाम करना चाहिए। श्री वत्स ने अपने सांसद निधि कोष से विभिन्न ग्राम पंचायतों को आठ पानी के टैंकर भेंट किए। उन्होंने कहा कि भूमिगत जल लगातार गिरता जा रहा है। पेयजल एक गंभीर समस्या है। विशेषकर भिवानी जिला इससे काफी प्रभावित है। जनरल डीपी वत्स ने कहा कि सरकार का प्रयास है, कि हर घर में स्वच्छ पीने का पानी पहुंचे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि जल संरक्षण कर आने वाले जीवन को बचाने का काम करें।

## जिला स्तरीय समारोह को विधायक ने किया संबोधित

# लाल डोरे के भू मालिकों को सौंपे स्वामित्व पत्र और प्रोपर्टी के कार्ड

- नागरिकों को अपनी जमीन का मालिकाना हक प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना की शुरुआत 24 अप्रैल 2020 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक एवं पूर्व मंत्री घनश्याम सर्राफ ने कहा कि मुख्य मंत्री नायब सिंह ने सर्वजन हिताय के मूलमंत्र को पूरा किया है। वीरवार को जिला स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को लाल डोरा प्रॉपर्टी कार्ड और स्वामित्व रजिस्ट्री दी गई। शहरी क्षेत्र में मिला लोगों मालिकाना हक मिला है। शहरी क्षेत्र के लाल डोरे के भू मालिकों को स्वामित्व पत्र और प्रोपर्टी कार्ड सौंपे गए हैं। लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में विधायक घनश्याम सर्राफ की अध्यक्षता में स्वामित्व पत्र और प्रोपर्टी कार्ड सौंपे गए। जबकि नगर परिषद के अध्यक्ष भवानी सिंह की ने समारोह में विशिष्ट और अतिथि के तौर पर शिरकत कर लाभार्थियों को रजिस्टर और प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। शहरी क्षेत्र में जिन लोगों के सरकारी जमीन पर दुकानों और मकानों पर 20 साल से अधिक समय से किराएदार के रूप में काबिज रहे हैं। उन दुकानों और मकानों का मालिकना हक सरकार द्वारा मुहैया करवाया गया है। मालिकाना हक लाल डोरा प्रॉपर्टी कार्ड और स्वामित्व की रजिस्ट्री के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन गुरुग्राम में आयोजित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण भी उपस्थित लाभार्थियों को के संग बैठकर विधायक घनश्याम सर्राफ , नगर परिषद के अध्यक्ष भवानी प्रसाद सिंह और कार्यवाहक डीसी हर्षित कुमार ने नगर परिषद और नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठकर लाइव प्रसारण भी देखा। डीआरडीए के सभागार में वीरवार लोहारू नगर पालिका के 10 सिवानी नगर पालिका के 10 और बवानी खेड़ा नगर पालिका के चार तथा भिवानी नगर परिषद के 40 लाभार्थियों को लाल डोरा प्रॉपर्टी कार्ड और स्वामित्व की रजिसट्रियां प्रदान की गई। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि 01 जून 2023 को निर्णय लिया था कि सरकार ने शहरी क्षेत्र में जो भी दुकान हो या 100 वर्ग गज का प्लाट हो जिसका पिछले 20 साल से अधिक साल तक वह काबिज रहा है और वह किराएदार रहा है। वह प्रॉपर्टी उन्हीं लोगों को उस प्रॉपर्टी का मालिकाना हक दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले नागरिकों को अपनी जमीन का मालिकाना हक प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना की शुरुआत 24 अप्रैल 2020 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी।


भिवानी। मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को लाल डोरा प्रॉपर्टी कार्ड वितरित करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो :हरिभूमि



### डीएमसी, नप चेयरमैन व भाजपा जिलाध्यक्ष ने वितरित किए संपत्ति के प्रमाण पत्र

**चरखी दादरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वेब कास्टिंग के जरिए प्रदेश के नागरिकों को मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री एवं लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। वहीं जिलास्तर पर जनता कॉलेज में कार्यक्रम में जिला नगर आयुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह, नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने लाभार्थियों को रजिस्ट्री, शुभकामना संदेश पत्र व लालडोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए।

# एडीसी ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने वीरवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई की। शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड की सामान्य शिकायतों के अलावा भावांतर योजना की लंबित राशि के भुगतान आदि की शिकायतें लेकर नागरिक पहुंचे।

शिविर में आई शिकायतों की सुनवाई करने के बाद एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ी गंभीरता के साथ नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने समाधान शिविर नागरिकों व प्रशासन के बीच बेहतर संबंध बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं। नागरिक बेझिझक समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन को नागरिकों की समस्याओं का पता लग रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है।

## कार्यवाहक एडीसी हर्षित कुमार ने मौके पर ही निपटाई समस्याएं

- समाधान प्रकोष्ठ के गठन से आमजन की समस्याओ का हो रहा है त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूजभिवानी

कार्यवाहक डीसी एवं एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में प्रत्येक कार्य दिवस को आयोजित होने वाला समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी गई। एडीसी ने समाधान शिविर में प्रत्येक फरियादी की शिकायत सुनी और अधिकतर का मौके पर ही समाधान करवाया। प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान किया जाता है।

बुधवार को समाधान शिविर में ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निपटान के लिए जरूरी निर्देश दिए। कार्यवाहक डीसी हर्षित कुमार ने शिविर में लोगों की विवाह पंजीकरण, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित, राशन कार्ड, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों व लाल डोरा से संबंधित शिकायत सुनी। उन्होंने जिन फरियादियों के दस्तावेज पूरे थे उन सभी की समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया और अधूरे दस्तावेजो वालों को भी दस्तावेज शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जैसे ही फरियादियों के दस्तावेज पूरे होंगे तभी प्राथमिकता के साथ इनकी समस्याओं का समाधान करें। इस मौके एसडीएम हरबीर सिंह, नगराधीश विपिन कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य रामकिशन हालुवासिया और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### मिड डे मिल वर्कर्स ने मांगों को सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी ।** लंबित मांगों को लेकर मिड डे मिल वर्कर्स ने जिला प्रधान बबली की अगुवाई में डीईओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मांगों को प्रमुखता से रखा, जिसमें मिड डे मिल वर्कर को 26 हजार न्यूनतम वेतन, 12 महीनों भुगतान, बकाया वेतन का भुगतान, स्कूलों को मर्ज व बंद न करना, छंटनी न करना, छटनी में हटाई वर्करों को दोबारा काम पर रखना, राष्ट्रीय नीति 2020 को रद्द करना, 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृति करने व दो लाख दिए जाए, वर्दी भत्ता 2 हजार वार्षिक करने, घायल होने पर इलाज व 50 हजार तथा मृत्यु होने पर आश्रितों को 5 लाख का मुआवजा, स्थाई कर्मी का दर्जा देने आदि की मांग रखी। राजकीय स्कूलों में मिड डे मिल वर्कर से सफाई काम न करवाए की मांग भी उठाई गई। इस दौरान रूकमा, राजरानी, सुनिता, नीलम, शरबती, ओमपति आदि मौजूद रहे।

### पीएम मोदी का ग्लोबल लीडर के तौर पर लगातार बढ़ रहा रुतबा : वधवा

**भिवानी।** पीएम मोदी का ग्लोबल लीडर के तौर पर ओहदा लगातार बढ़ता जा रहा है। विदेशी धरती पर उन्हें कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से नवाजा है। बीते 10 सालों में लगभग 15 देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए है। उक्त शब्द भाजपा नेता रीतिक वधवा ने इजिप्ट दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को वहां के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अपने देश के सर्वोच्च राजकीय सम्मान ऑर्डर ऑफ द नील तथा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के अत्यंत प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द अपॉसल से आधिकारिक रूप से सम्मानित करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का ग्लोबल लीडर के तौर पर रुतबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके सबूत विदेशी धरती पर उन्हें मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानूनों की दी जानकारी


**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के मिशन शक्ति के तहत पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास की अधिकारी वैशाली के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजति हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए उनके कानूनी अधिकारों जैसे कानूनी सहायता और परामर्श पर जागरूकता व पारम्परिक व्यवसाय जैसे हथकरघे आदि व्यवसाय की पहचान, बैंकों से लोन और बाजार के साथ आगे आने व महिला व्यवसाय स्वामियों का प्रशिक्षण संस्थानों में पंजीकृत करवाने के सम्बन्ध में जानकारी दी। अनुराधा खनगवाल व रिंकू सोशल वर्कर, अशोक कानूनी सलाहकार ने वन स्टॉप केंद्र सखी की जानकारी दी।

## ठठेरा समाज का प्रतिनिधिमंडल परिवहन राज्य मंत्री से मिला

- समाज के विकास कार्यों पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य मंत्री से की चर्चा : पूर्व प्रधान बदरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय हैयवंशीय ठठेरा समाज की धर्मशाला के अध्यक्ष एवं ठठेरा समाज के पूर्व प्रधान बदरी नारायण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केबिनेट में आसीन सडक़ एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से मिला तथा अपनी मांगों से राज्य मंत्री को अवगत करवाया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़ाकर राज्य मंत्री का सम्मान किया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने राज्य मंत्री से ठठेरा समाज की हरिद्वार धर्मशाला की समस्या एवं समाज के विकास पर चर्चा की। पूर्व प्रधान बदरी नारायण ने बताया कि उनकी सडक़ एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से सौहार्यपूर्ण माहौल में मुलाकात हुई तथा हरिद्वार धर्मशाला की समस्या एवं समाज के विकास को लेकर गहनता से चर्चा हुई। इस अवसर पर कैलाश चंद, रमेश चंद, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।


भिवानी। सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### होडल बार एसो.के प्रधान पर हमले के विरोध में उतरे वकील, नारेबाजी

**भिवानी।** बीते 16 जून को होडल में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता हरबीर सिंह तंवर पर कुछ अपराधियों ने लाठी, डंडों, लोहे के सरियों व फरसों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसके बाद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर होडल में अधिवक्ता धरने पर है। इसको लेकर देशभर के अधिवक्ताओं में रोष है।

वे धरना-प्रदर्शन कर अपना रोष व्यक्त कर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग उठाई है। इसी कड़ी में गुरुवार को न्यायिक परिसर में अधिवक्ताओं ने रोष जताया तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

## सीबीएलयू ने सेमीकंडक्टर आधारित शिक्षा देने में की पहल

- घड़ी से टैंक तक हर इलैक्ट्रॉनिक उपकरण में प्रयोग होता है सेमीकंडेक्टर का : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बढ़ते हुए वैज्ञानिक युग में इलेक्ट्रॉनिक चिप का प्रयोग घड़ी से लेकर टैंक तक होने लगा है। आने वाले आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के युग में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे रोबोट मोबाइल

सैंसर इलैक्ट्रिक वाहन कंप्यूटर सहित विभिन्न स्वचलित कारखानों के संचालन में सेमीकंडेक्टर ;अर्धचालक उपकरण का मुख्य भाग होता है। इसी सेमी कंडेक्टर का भारत में निर्माण व वैश्विक स्तर पर सेमी कंडेक्टर हब बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने इंडिया सेमी कंडेक्टर मिशन शुरू किया है। भिवानी स्थित सीबीएलयू ने पहल करते हुए नई शिक्षा नीति के तहत सेमी कंडेक्टर निर्माण को लेकर एक विशेष कोर्स शुरू किया है। इसके तहत इस कोर्स को पूरा करने वाले विद्यार्थी बाबा रिसर्च सैंटर सहित इसरो व नासा में इंर्टनशिप कर पाएंगे। चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने बताया कि उनका विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर सेमी कंडेक्टर की मांग को देखते हुए इंडिया सेमी कंडेक्टर मिशन को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में कोविड के समय की थी।

**कार्यक्रम** श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट ने गीतांजलि को किया सम्मानित

# ससुराल के सहयोग से बहू ने पास की सीए परीक्षा

- बेटी पीहर में ही नहीं,ससुराल में भी पढ़ लिखकर हो सकती कामयाब :सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी की बेटी गीतांजलि को सीए बनने में ससुराल पक्ष का बड़ा योगदान रहा। सासु मां ने बहु गीतांजलि को बेटी की तरह पढ़ाया लिखाया और उसे कामयाब बनाया। गीतांजलि ने मिशाल पेश की हैं कि बेटी केवल माता-पिता के घर पर ही नहीं, बल्कि ससुराल में भी पहुंचकर अपनी पढ़ाई लिखाई जारी रखकर कामयाबी हासिल कर सकती हैं, ये दिनोद गेट निवासी निर्मला जैन की बहु गीतांजलि अग्रवाल ने कर दिखाया। गीतांजलि ने अपने ससुराल में पढ़ाई लिखाई कर चार्टेड अकाउंटेंट्स की परीक्षा पास कर माता पिता, ससुराल पक्ष और भिवानी का नाम रोशन किया है, जिसको लेकर अग्रवाल महिला मंडल की पदाधिकारियो ने बधाई दी है। गौरतलब है कि सीए इंटर और फाइनल परीक्षा 2024 का रिजल्ट घोषित किया गया है, इसमें भिवानी की गीतांजलि ने भी परीक्षा ससुराल में रहते हुए पास की है, यह बड़े गर्व की बात है। गीतांजलि को आज श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट की अध्यक्ष सीमा बंसल, स्नेह बंसल सहित अनेक पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। सीमा बंसल ने कहा कि बेटियां केवल अपने माता-पिता के घर पर ही कामयाब हो ये जरूरी नहीं है।


भिवानी। सीए बनी गीतांजलि का मीठा मुंह करवाती सीमा बंसल व अन्य।

**ससुराल पक्ष के सहयोग एवं समय**

सीए की परीक्षा पास करने की खुशी जाहिर करते हुए गीतांजलि ने कहा कि उन्होंने पहले अपने माता-पिता के घर पर पढ़ाई लिखाई की और उसके बाद ससुराल में जी तोड़ मेहनत कर सीए की परीक्षा पास की है, जिसमें उनकी सासु मां निर्मला जैन, ननद सिखा जैन, पति नितिन जैन और देवर मनीष का बड़ा योगदान है, जिन्होंने मुझे समय समय पर प्रोत्साहित किया। निर्मला जैन ने कहा कि गीतांजलि को उन्होंने बहू नहीं, बेटी समझकर पढ़ाया लिखाया और आगे बढ़ाया है, ऐसा हर परिवार को करना चाहिए।

### जीवन के हर यादगार दिन पर पौधे लगाएं : यादव

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परिसर में जर्नलिस्ट क्लब भिवानी के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष डा. वीपी यादव ने त्रिवेणी लगाकर पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर 100 फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। इस मौके पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ वीपी यादव ने कहा कि पौधे जीवन का आधार है। पौधों से पर्यावरण में जहां शुद्घता आती है, वहीं मौसम भी नियंत्रित रहता है। वर्तमान में जब ग्लोबल वार्मिंग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में पेड़ लगाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि जीवन में हर यादगार मौकों पर हमें पेड़ लगाने चाहिए, ताकि वो दिन पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार बन जाए।